# पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

(परीक्षा विभाग)

बिहार-854301

Email – coe@purneau.ac.in


पत्रांक :- Exam/Conf/PRNU/785/26

दिनांक :- 31.07.2026

## सूचना

सभी विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित पाठ्यक्रमों के वे छात्र-छात्राएँ, जिन्होंने अपनी परीक्षा सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर ली है, किन्तु जिनका **अंतिम/मूल (Final/Original) डिग्री प्रमाण-पत्र** अब तक पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ द्वारा निर्गत नहीं किया गया है, वे अपने डिग्री प्रमाण-पत्र हेतु ऑनलाइन आवेदन करें—

- **स्नातक** (UG) : सत्र 2018–21 से 2022–25
- **स्नातकोत्तर** (PG) : सत्र 2018–20 से 2023–25
- **बी.एड.** (B.Ed.) : सत्र 2018–20 से 2023–25
- **बी.टेक.** (B.Tech.) : सत्र 2018–22 से 2021–25
- **एम.बी.ए.** (MBA) : सत्र 2018–20 से 2023–25
- **बी.सी.ए.** (BCA) : सत्र 2018–21 से 2022–25
- **सी.एन.डी.** (CND) : सत्र 2018–21 से 2022–25
- **बी.बी.ए.** (BBA) : सत्र 2018–21 से 2022–25
- **एल.एल.बी.** (LL.B.):सत्र 2018–23 से 2020–23, 2020–25
- **पी.एल.डब्ल्यू.** (PLW) : सत्र 2018–23 से 2019–24

सभी पात्र छात्र-छात्राएँ अपना **अंतिम/मूल डिग्री प्रमाण-पत्र** प्राप्त करने हेतु विश्वविद्यालय के पोर्टल पर निम्नलिखित लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें—

**पूर्णियाँ विश्वविद्यालय डिग्री प्रमाण-पत्र पोर्टल** (https://student.purneau.ac.in/certificate-request/degree)

ऑनलाइन आवेदन करते समय अभ्यर्थियों को निम्नलिखित बातों का विशेष ध्यान रखना होगा—

1. आवेदन-पत्र में सभी आवश्यक विवरण सही एवं पूर्ण रूप से भरें।
2. अपना **नाम हिन्दी में** उसी प्रकार अंकित करें, जैसा कि डिग्री प्रमाण-पत्र पर मुद्रित किया जाना है।
3. निम्नलिखित दस्तावेजों की स्पष्ट स्कैन प्रति अपलोड करें—
    - पंजीकरण (Registration) कार्ड
    - सभी वर्ष/सेमेस्टर की अंक-पत्र (Mark Sheets)
    - प्रोविजनल (अस्थायी) प्रमाण-पत्र (यदि उपलब्ध हो)

Kunal 31/07/26

# पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

(परीक्षा विभाग)

**बिहार**-854301 Email – coe@purneau.ac.in


अभ्यर्थी अंतिम रूप से आवेदन जमा करने से पूर्व सभी प्रविष्टियों का सावधानी पूर्वक सत्यापन कर लें, क्योंकि आवेदन में उपलब्ध कराई गई सूचनाओं के आधार पर ही डिग्री प्रमाण-पत्र तैयार एवं मुद्रित किया जाएगा।

सभी पात्र छात्र-छात्राओं से अनुरोध है कि वे 15 **अगस्त,** 2026 तक अनिवार्य रूप से अपना ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें, ताकि उनके डिग्री प्रमाण-पत्रों का शीघ्र निर्माण, मुद्रण **एवं वितरण** सुनिश्चित किया जा सके।

संबंधित सभी अंगीभूत एवं संबद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों से अनुरोध है कि वे इस सूचना का व्यापक प्रचार-प्रसार महाविद्यालय के सूचना-पट्ट, आधिकारिक वेबसाइट, सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म, पूर्व छात्रसमूहों तथा अन्य उपलब्ध संचार माध्यमों के द्वारा करें, ताकि सभी छात्र-छात्राएँ निर्धारित अवधि के भीतर आवेदन कर सकें।

**इसे अत्यंत आवश्यक समझा जाए।**

कुलपति महोदय के आदेशानुसार

31.7.26

परीक्षा नियंत्रक

पूर्णियाँ विश्वविद्यालय, पूर्णियाँ

Controller of Examinations

Purnea University, Purnia

Kunal 31/07/26